समाचार

महिला स्वावलंबन व सशक्तिकरण एक बड़ी आवश्यकता–महापौर

(विश्व महिला दिवस आयोजन में शामिल महापौर)

कोरबा 09 मार्च 2016 –महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने कहा है कि महिलाओं को स्वावलंबी बनाना व उनका सशक्तिकरण करना आज की एक बड़ी एवं महत्वपूर्ण आवश्यकता है, इस दिशा में जनजागरूकता लाई जानी चाहिए तथा महिलाओं को विशेष रूप से जागरूक होना चाहिए। उन्होने कहा कि महिलाओं की जागरूकता एवं उनकी मजबूती से हमारा समाज व राष्ट्र मजबूत होगा तथा समग्र विकास की परिकल्पना को साकार किया जा सकेगा।

उक्ताशय के विचार महापौर श्रीमती अग्रवाल ने विश्व महिला दिवस के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान व्यक्त किए। जेसीरेट कोरबा द्वारा वीरसावरकर भवन निहारिका कोरबा में विश्व महिला दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान की। उन्होने मां सरस्वती के तैल चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ कराया। कार्यक्रम में श्रीमती मंगल बुधिया, श्रीमती कुसुम द्विवेदी, श्रीमती विमला सोनी, डॉ. पापिया चतुर्वेदी, श्रीमती गायत्री शर्मा, श्रीमती साधना शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थी। इस मौके पर महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने विश्व महिला दिवस की अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दी तथा कहा कि महिलाओ को जागरूक होना अत्यंत जरूरी है, समाज में जब महिलाएं सम्पूर्ण रूप से जागरूक होती है तो निश्चित रूप से एक बड़ा परिवर्तन देखने को मिलता है। महिला सशक्तिकरण के बिना हम समग्र विकास की परिकल्पना नहीं कर सकते, यदि हमें वास्तव में समाज एवं राष्ट्र को आगे ले जाना है तो महिलाओं के स्वावलंबन, उत्थान एवं उनके सशक्तिकरण की दिशा में पूर्ण इच्छाशक्ति के साथ कार्य करना होगा। इस मौके पर अन्य अतिथियों एवं जेसीरेट के सदस्यों ने भी अपना उद्बोधन दिया तथा महिला सशक्तिकरण व महिलाओं के स्वावलंबन पर विशेष ध्यान देने की जरूरत बताई। इस अवसर पर महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल एवं अन्य अतिथियों का शाल–श्रीफल से सम्मान किया गया तथा स्मृति चिन्ह प्रदान किये गए। कार्यक्रम में जेसीरेट की सचिव अनुजा खेतान, कार्यक्रम निदेशक रीना अग्रवाल व जेसीरेट विग की अध्यक्ष पूर्णिमा सोनी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस मौके पर काफी संख्या में महिलाएं तथा जेसीरेट की सदस्यगण उपस्थित थी।